>

Title: Need to construct Road Over bridge on Dhanbad-Gaya and Dhanbad-Katras railway lines in Dhanbad parliamentary constituency, Jharkhand.

श्री पशुपति नाथ सिंह (धनबाद): झारखंड के मेरे धनबाद संसदीय क्षेत्र में यातायात की बढ़ती समस्या का एक बड़ा कारण रेलवे भी है। लेकिन समस्या के समाधान के प्रति रेलवे के अधिकारी गंभीर नहीं है। शहर में एन एच - 32 पर मटकुरिया से लेकर बैंक मोड़-गया पुल होते हुए श्रमिक चौक तक यातायात जाम होने की समस्या दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है जिससे यहां कई प्रकार की समस्या का सामना वहां के नागरिकों को करना पड़ता है। इस समस्या से निपटने के लिए गोधर से झारखंड मोड़ के बीच धनबाद-गया और धनबाद-कतीरास रेल लाइन को पार करने के लिए आर. ओ. बी. का निर्माण करना आवश्यक है। ऐसे में बाईपास निर्माण के लिए रेलवे की सहभागिता अति आवश्यक है। भूली लेबल क्रासिंग पर पहले से रेलवे का आर ओ बी प्रस्तावित है। साथ ही भूली लेबल क्रासिंग पर बनने वाले आर ओ बी से गोधन -झारखंड लिंक रोड को भी जोड़ा जाए।

अतः माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध होगा कि मेरे द्वारा उठाये जा रहे धनबाद संसदीय क्षेत्र में यातायात की बढ़ती जा रही दिन प्रति दिन की समस्या का शीघ्र ही निपटान कराया जाए जिससे धनबाद की जनता को राहत व यातायात में सुगमता आ सके।